HAMIRPUR POLICE

साइबर सेल **दिनांक 08.08.2022**

साइबर सेल द्वारा 02 लोगों से ऑनलाइन फ्रॉड का 22,600/- रुपये वापस करवाया गया-

अवगत कराना है कि आये दिन साइबर अपराधियों द्वारा आम जनता को भ्रमित कर उनके बैंक खाते एवं क्रडिट कार्ड आदि से जुडी गोपनीय जानकारी अर्जित कर यूपीआई व अन्य के माध्यम से साइबर फ्रॉड/धोखाधडी की जा रही है।

उक्त के संदर्भ मे पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु साइबर सेल हमीरपुर द्वारा निरन्तर अभियान चला कर कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में-

1) आवेदक श्री दीपक कुमार पुत्र गंगाराम निवासी इंगोहटा थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर द्वारा दिनांक 24.05.2022 को 10,000 रुपए किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो जाने के सम्बन्ध मे साइबर सेल हमीरपुर पर प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया, इस सम्बन्ध में साइबर सेल हमीरपुर द्वारा शिकायतकर्ता से संबंधित रिकॉर्ड प्राप्त कर तत्परता से कार्यवाही करते हुए 10,000/- रुपये की धनराशि शिकायतकर्ता के खाते में वापस करवाई गई।
2) आवेदक महिला कांस्टेबल रुबी पाल जो जनपद हमीरपुर में तैनात है, द्वारा दिनांक 02/03/2022 को साइबर सेल हमीरपुर पर प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि अज्ञात द्वारा उनके साथ साइबर फ्रॉड कर फोन-पे के माध्यम से 12,600/- रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। आवेदक के फोन पर कॉल आयी और स्वंय को कस्टमर केयर से बताकर सामान्य बात चीत कर फोन काट दिया, उसके बाद फोन- पे पर एक कूपन डाला जो आवेदक से गलती से OK हो गया, फिर कॉल आयी और बताया कि आपके खाते से गलती से धनराशि कट कई है जो 24 घंटे में वापस कर दी जायेगी, इस सम्बन्ध में साइबर सेल हमीरपुर द्वारा शिकायतकर्ता से संबंधित रिकॉर्ड प्राप्त कर तत्परता से कार्यवाही करते हुए 12,600/- रुपये की धनराशि शिकायतकर्ता के खाते में वापस करवाई गई।

आवश्यक सूचना-

यदि किसी के साथ वित्तीय साइबर फ्रॉड़ होता है तो तुरंत साइबर सेल, संबंधित थाना या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं ताकि तुरंत कार्यवाही की जा सके।